卐 श्री सदगुरू देवाय नम:卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 228 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦29 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सीएम केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से झटका, दो जून को करना होगा सरेंडर

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने जमानत अवधि को बढ़ाने की तुरंत सुनवाई की अपील खारिज कर दी है। अब केजरीवाल को दो जून को सरेंडर करना होगा। दिल्ली आबकारी नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत को सात दिन बढ़ाने की याचिका को सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया है। दिल्ली शराब नीति घोटाले में जमानत पर बाहर चल रहे दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत अवधि बढ़वाने की याचिका पर एक दिन पहले जल्द सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा था कि जब जस्टिस दत्ता की पीठ पिछले हफ्ते बैठी हुई थी, तब याचिका क्यों दायर नहीं की गई थी? दिल्ली सीएम ने



स्वास्थ्य आधार पर अपनी जमानत अवधि को सात दिन बढ़वाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की थी, जिससे कोर्ट ने इनकार कर दिया। केजरीवाल ने उनका वजन अचानक छह से सात किलोग्राम कम हो जाने के (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुठभेड़ में गैंगस्टर को लगी गोली

### कुख्यात गौ तस्कर है पकड़ा गया आरोपी

हरिद्वार (उद संवाददाता)। पुलिस मुठभेड़ में फरार गैंगस्टर के आरोपी को पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश को रुड़की के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी गौकशी और तस्करी के धंधे में लिप्त है। जिले में कई जगह



से गौकशी की शिकायतें लगातार मिल रही थी। जिन पर एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने अंकुश लगाने के निर्देश थाना कोतवाली प्रभारी को दिए गए थे। बुधवार सुबह थाना क्षेत्र में पुलिस को सूचना मिली कि सुभाषगढ़ तिराहे पर (शेष पृष्ठ 7 पर)

## जमीनी विवाद को लेकर चली गोलियां, युवक घायल

रुड़की(उद संवाददाता)।जमीनी विवाद को लेकर नगला इमरती गांव में दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। जमकर लाठी डंडे चले। इस बीच एक पक्ष ने तमंचे से फायरिंग कर दी। जो सड़क से गुजर रहे एक युवक को जा लगी। गंभीर हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के नगला इमरती गांव में बुधवार की सुबह दो पक्ष जमीनी विवाद को लेकर आमने–सामने आ गए। मामला इतना बढ़ा की दोनों पक्ष में जमकर लाठी डंडे और धारदार हथियार चल पड़े। इस दौरान एक पक्ष ने तमंचे से फायरिंग कर दी। तमंचे से निकली गोली सड़क से गुजर रहे एक युवक को जा लगी और वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गया। किसी ने घटना की सूचना युवक के परिजन और पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और युवक के परिजनों ने उसे रुड़की के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि नगला इमरती निवासी रजत के पैर में गोली लगी है। दो पक्षों में विवाद हुआ था। दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## सीमेंट से लदा ट्रक खाई में गिरा, चालक गंभीर

### घायल ट्रक चालक के लिये फरिश्ता बनी पुलिस

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पेटशाल के पास नदी में गिरे ट्रक के चालक को रेस्क्यू टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए खाई से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। समय पर उपचार मिलने से घायल की जान बच गयी। मंगलवार रात्रि डायल 112 से थाना धौलछीना को सूचना मिली कि पेटशाल दलबैंड के पास ट्रक संख्या यूके 04सीबी 1329 दुर्घटनाग्रस्त होकर नदी में गिर गया है। सूचना पर थानाध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में धौलछीना





पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक सड़क से लगभग 50 मीटर नीचे नदी में गिरकर पलट गया था, जिसका चालक भूपेंद्र उर्फ भूपाल सिंह मेहरा निवासी उडियारी बैंड बेरीनाग पिथौरागढ़ ट्रक के अंदर फंसा हुआ था, जो बेहोशी की अवस्था में पड़ा मिला। ट्रक चालक को गंभीर चोटें आयी थी। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए रेस्क्यू अभियान चलाकर चालक को ट्रक से निकाला और स्ट्रेचर की सहायता से घायल चालक (शेष पृष्ठ सात पर)

## जबलपुर में पिता और भाई की हत्या करके फरार हुई किशोरी हरिद्वार में गिरफ्तार

हरिद्वार (उद संवाददाता)।मध्य प्रदेश में रेल कर्मचारी पिता और अपने नौ साल के भाई की हत्या करने वाली किशोरी को हरिद्वार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की सूचना पर जबलपुर पुलिस की टीम हरिद्वार के लिए रवाना हो चुकी है। जानकारी के अनुसार पकड़ी गयी किशोरी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर बेरहमी से पिता और भाई की हत्या की थी और दोनों फरार हो गए थे। करीब ढाई महीने पहले हुई इस घटना के बाद से पुलिस लगातार दोनों की तलाश में जुटी हुई थी। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि मंगलवार की रात एक किशोरी नगर कोतवाली के पास स्थित महिला जिला अस्पताल के पास संदिग्ध अवस्था में घूमती हुई दिखाई दी। संदेह होने पर नाबालिग को कोतवाली हरिद्वार लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने प्रेमी मुकुल के साथ हरिद्वार आयी थी । उसका प्रेमी कुछ सामान लेने का बहाना बनाकर उसे छोड़कर चला गया। किशोरी ने बताया कि कथित प्रेमी ने मार्च माह में जबलपुर में उसके पिता और भाई की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद लगभग दो महीने से वह उसे अपने साथ घुमा रहा था। नगर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने जबलपुर पुलिस से सम्पर्क किया तो सामने आया कि प्रकरण में मुकुल कुमार को आरोपित बनाते (शेष पृष्ठ सात पर)

## दो नाबालिगों सहित चार पत्थरबाज जुआरी गिरफ्तार

### दो तमंचे और कारतूस भी बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा में झगड़े की सूचना पर गये चौकी पुलिस के दो पुलिसकर्मियों पर मार्ग में पथराव करने वाले दो किशोरों सहित चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से पुलिस ने दो तमंचे व दो जिंदा कारतूस भी बरामद किये हैं। जबकि अन्य फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार उनि नवीन बुधानी चौकी प्रभारी रम्पुरा साथी पुलिस कर्मियों उनि विकास कुमार, का. अमित जोशी व महेन्द्र कुमार के साथ रम्पुरा क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। जब चौरासी घण्टा मन्दिर के पास पहुंचे तो मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम का. महेन्द्र सिंह व जगदीश पाठक के साथ एएन झा इण्टर कालेज के सामने प्रीतबिहार गेट 2 से अन्दर पहुंची। जहां कुछ युवक खड़े दिखाई दिये। टीम ने घेराबंदी कर चारों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता सोनू कोली उर्फ खत्म पुत्र स्व. प्रेमशंकर कोली निवासी वार्ड 24 रम्पुरा, दीपक कोली उर्फ टाण्डा पुत्र किशन पाल निवासी वार्ड 24 रम्पुरा, जबकि दो अन्य युवक नाबालिग बताये गये। तलाशी लेने पर पुलिस ने सोनू कोली व दीपक कोली के पास से 315 बोर का एक एक तमंचा और एक एक जिंदा कारतूस बरामद किये। उपरोक्त चारों से पूछताछ की गई तो सभी ने बताया कि 25 मई की रात्रि वह लोग सत्ता चौक पर खड़े थे तभी वहां पुलिस की चीता मोबाईल आ गई और उन्हें खदेड़ने लगी। जिस पर दोनों पुलिस वालों पर पथराव (शेष पृष्ठ सात पर)

## वनाग्नि 'लील गई' छब्बीस वर्ग किलोमीटर 'ग्लेशियर क्षेत्र'

### जंगल की आग का धुआं ग्लेशियरों तक पहुंचा, ग्लेशियर क्षेत्र में कार्बन की मात्रा ढाई गुना तक बढ़ी, कार्बन के कण ग्लेशियरों से चिपके, ब्लैक कार्बन के चलते गर्म होकर तेजी से पिघल रहे ग्लेशियर

–अर्श–

देहरादून । उत्तराखंड के जंगलों में तकरीबन हर वर्ष लगने वाली आग सरकार एवं जागरूक नागरिकों के सामूहिक प्रयासों तथा वर्षा के उपकार के परिणाम स्वरूप भले ही बुझ जाती हो ,लेकिन उत्तराखंड के जंगलों में हर वर्ष नियमित रूप से लगने वाली आग हिमालय के ग्लेशियरों के एक बड़े हिस्से को अब तक निगल चुकी है और भविष्य में यह सिलसिला रोका जा सकेगा, इसका आश्वासन सरकार की कार्य पद्धति से फिलहाल मिलता नहीं दिखाई देता। सरकारी दावे के अनुसार उत्तराखंड की जंगलों में लगी आग पर काबू पाया जा चुका है,मगर सरकारी दावे से उलट उत्तराखंड के दोनों ही मंडलों में स्थित जंगलों के किसी न किसी हिस्से में आग लगने की सूचना जब तब आती ही रहती है । बीते रोज उत्तरकाशी स्थित चार धाम बाईपास के जंगलों से सटे जंगलों को भी दावानल ने अपनी चपेट में ले लिया। खबर के मुताबिक मंगलवार शाम को मुखेम रेंज के जंगल में लगी आग चारधाम बाईपास मार्ग बड़ेथी–मनेरा के पास पहुंच गई। इस दौरान आग के चलते पहाड़ी से सड़क पर पत्थर भी गिरे ।पहाड़ी से गिरते पत्थरों के बीच यात्री वाहन जोखिम लेकर आवाजाही करने को मजबूर हुए। हालांकि सूचना पर पहुंची



वन विभाग व अग्निशमन की फायर टीम पर आग पर काबू पाने में जुटी हुई है और मुखेम रेंज की वन क्षेत्राधिकारी पूजा चौहान के सिविल वन भूमि में लगी इस आग पर शीघ्र ही काबू पा लिया जाएगा ।वन क्षेत्र अधिकारी के बताए अनुसार वनकर्मी डांग गांव की खेती की तरफ से आग बुझाने के प्रयास में लगे हुए हैं। इसमें दो राय नहीं की सरकार के प्रयासों अथवा देर सवेर होने वाली वर्षा के बाद इस आग पर भी काबू तो निश्चित ही पा लिया जाएगा ,लेकिन जंगल में लगने वाली आग के परिणाम स्वरूप उत्सर्जित होने वाले ब्लैक कार्बन के दुष्परिणाम हमेशा की तरह नजर अंदाज कर दिए जाएंगे। जंगल की आग से उत्सर्जित होने वाले कार्बन के ग्लेशियर पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव अब डराने लगे हैं वाडिया इंस्टीट्यूट के हाल के आंकड़ों के मुताबिक आग से ग्लेशियरों पर कार्बन की मात्र ढाई गुना बढ़कर 1899 नैनोग्राम से ज्यादा हो गई है ।वादिया इंस्टीट्यूट के पूर्व ग्लेशियर वैज्ञानिक डॉक्टर डीपी डोभाल के अनुसार पिछली सर्दी में औसत से कम हिमपात और अब आग के कारण हुए वायु प्रदूषण से ग्लेशियर ब्लैक कार्बन की चपेट में आ गए हैं। वैज्ञानिकों के शोध में पाया गया है कि कार्बन के कण गरम होते हैं जो ग्लेशियरों की ऊपरी परत पर चिपक कर उसके पिघलने की रफ्तार बढ़ा देती हैं। कार्बन के कण एक हफ्ते हवा में रहते हैं ।यह सूर्य की सूर्य की किरण को बहुत तेजी के साथ अवशोषित करते हैं। इससे ग्लेशियरों की ऊपरी परत गर्म हो कर (शेष पृष्ठ सात पर)

# विकासवाद ,राष्ट्रवाद को जाएगा पंजाब की जनता का वोट : धामी

## मुख्यमंत्री ने आनंदपुर साहिब से भाजपा प्रत्याशी सुभाष शर्मा के समर्थन में जनसभा को किया संबोधित

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विगत दिवस को खरड़,मोहाली (पंजाब) में संसदीय क्षेत्र आनंदपुर साहिब से भाजपा प्रत्याशी श्री सुभाष शर्मा के पक्ष में आयोजित जनसभा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि जनता का समर्थन और उत्साह व उमंग देखकर उन्हें विश्वास हो गया है कि सभी लोग मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकतरफा समर्थन दे रहे हैं। जनता के एक वोट ने भारत को आगे बढ़ाया है, देश को समृद्ध बनाया है। इस चुनाव में निश्चित ही जनता का वोट विकासवाद राष्ट्रवाद को जाएगा, न की परिवारवाद और तुष्टिकरण को। जनता के एक वोट से पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। स्टार्टअप मेक इन इंडिया जैसे अनेक योजनाएं भारत को आत्मनिर्भर बना रही है।दुनिया की हर बड़ी कंपनी भारत में अपना उद्योग लगाना चाहती है। भारत निवेश का हब बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने रूस यूक्रेन युद्ध रुकवाकर भारतीय बच्चों को विदेश की धरती से सकुशल निकाला। रक्षा के उपकरण अब इंपोर्ट नहीं अपितु एक्सपोर्ट किए जाते हैं। भारत में रोड़ और रेल नेटवर्क का जाल बिछाया है। मोदी जी के नेतृत्व में गरीब कल्याण हेतु जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, हर घर नल नल से जल, लखपति दीदी योजना आयुष्मान योजना, किसान समृद्धि योजना, पीएम आवास योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी अन्य कई



योजनाओं ने करोड़ों लोगों की जिंदगी बदलने का काम किया है। हर किसी के जीवन को उठाने का काम किया है। आज देश में सीएए कानून लागू कर दिया गया है। कश्मीर से धारा 370 का खात्मा, तीन तलाक को बैन कर दिया गया है, भगवान श्री राम का अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण कार्य हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड का चौतरफा विकास जारी है। देश भर से श्रद्धालुओं का जन सैलाब उत्तराखंड आ रहा है। चार धाम के साथ मानसखंड यात्रा पर निरन्तर कार्य जारी हैं। पूर्णागिरी मंदिर को रोप वे से जोड़ा जा रहा है। मोदी जी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तराखंड पहला राज्य बन गया है जहां हमने अपने वादे अनुसार समान नागरिक संहिता लागू किया है। उन्होंने कहा समान नागरिक संहिता की गंगोत्री देवभूमि से शुरू हुई है वह पूरे देश में जायेगी। उन्होंने कहा उत्तराखंड में सख्त नकल विरोधी कानून, लैंड जिहाद पर कार्यवाही, दंगारोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून पर निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा देवभूमि को मूल स्वरूप बना रहे इसके लिए सभी काम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ओर विकसित भारत के विजन के साथ भाजपा है तो दूसरी ओर तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार के साथ कांग्रेस और उसके सहयोगी दल। आप पार्टी ने भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस को पीछे छोड़ दिया है। आप पार्टी की सरकार ने पंजाब के लोगों की गाढ़ी कमाई को लुटाया है। पंजाब के संसाधनों को पंजाब सरकार ने दिल्ली दरबार में ऐशो आराम की भेंट चढ़ा दिया है। आम आदमी पार्टी आज अपराधियों की गोद में बैठी हुई है। विपक्ष के लोग आतंकी संगठनों से चंदा लेकर उनकी पैरवी करते हैं । इस दौरान कमल सैनी, जोगेंद्र पाल, त्रिलोक, संजू कौशल, विनय रोहेला एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी से बचने को लोग स्वीमिंग पूल में लगा रहे डुबकी

किच्छा (उद संवाददाता)। नगर से दो किलोमीटर दूर पूल भट्टा के पास स्थित होटल क्राउन में भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए स्विमिंग पूल की व्यवस्था के चलते लू और गर्मी से निजात पाने के लिए लोगों का हुजूम लगा हुआ है। प्रात: 10बजे से लेकर सायं 7:30 बजे तक स्विमिंग पूल में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग स्विमिंग करने पहुंच रहे हैं। होटल क्राउन के स्वामी निशान सिंह ने बताया कि पुलभट्टा के पास उनके द्वारा यात्रियों के ठहरने हेतु एवं क्षेत्र की जनता को स्विमिंग का आनंद दिलाने के लिए होटल के साथ-साथ स्विमिंग



पूल का निर्माण कराया है। जिसमें स्वच्छ पानी की व्यवस्था की गई है। यहां पर खुला स्थान होने के साथ-साथ पार्किंग की भी विशेष व्यवस्था की गई है तथा खुला स्थान होने के चलते बड़ा कार्यक्रम भी आयोजित किया जा सकता है । उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के अनुरूप जहां होटल के कमरों का किराया बहुत कम रखा गया है वही स्विमिंग पूल में स्विमिंग का आनंद लेने के हेतु शुल्क भी बहुत कम रखा गया है । जिस वजह से बढ़ती गर्मी में ठंड का एहसास करने के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई है । उन्होंने कहा कि आगे भी स्विमिंग पूल का और विस्तार किया जाऐगा ताकि शहर की जनता स्विमिंग के आनंद के साथ-साथ तैराकी के गुण सीख सके। उल्लेखनीय है कि होटल क्राउन पुलभट्टा थाना से मात्र कुछ ही दूरी पर स्थित है यहां पर आने जाने के लिए यातायात की उचित व्यवस्था है तथा भीड़भाड़ शोरशराबे से दूर हर परिवार के लिए उपयुक्त है।

# शिविर में आंखों का नि:शुल्क चेकअप

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।बंगाली महासभा शक्तिफार्म इकाई अध्यक्ष विश्वजीत हालदार ने टैगोर नगर के मंदिर प्रांगण मे निशुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित किया। शिविर मे रुद्रपुर के गौतम हॉस्पिटल से मोतियाविन्द एवं पुतली




रोग विशेषज्ञ द्वारा विभिन्न गांव से पहुँचे 36 लोगों की आँखों की जांच की। शिविर आयोजक विश्वजीत हालदार ने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है।भविष्य में भी ऐसे और शिविर लगाये जायेंगे । इस मौके पर नमिता हालदार,मिनाक्षी विश्वास, पुष्पा राय,पार्वती मंडल,गौरी राय,तापस मण्डल, उत्तम मण्डल, रोहित हालदार, विश्वनाथ ,विक्रम सिंह भंडारी,समीर दास,संजय विश्वास, बी के राय आदि थे।

# डीएम और एसएसपी ने लिया मतगणना की व्यवस्थाओं का जायजा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। आगामी 4 जून 2024 को लोकसभा चुनाव की मतगणना की व्यवस्थाओं का निरीक्षण जिलाधिकारी विनीत तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा एवं मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने संयुक्त रूप से किया। फलसीमा स्थित आईटीआई परिसर पहुंचकर उन्होंने मतगणना



संबंधी व्यवस्थाओं को देखा एवं संबंधित नोडल अधिकारियों को समय से व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना टेबल, एआरओ के बैठने की व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे एवं आवश्यक उपकरण स्थापित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं के मोबाइल फोन रखने, उपस्थिति, सुरक्षा संबंधी कार्यों को भी समय से व्यवस्थित कर लिया जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया उप जिलाधिकारी सदर जयवर्धन शर्मा समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपाईयों ने निर्माणाधीन स्टेडियम का किया निरीक्षण

खटीमा (उद संवाददाता)।भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, चकरपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश जोशी, भाजपा नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने स्थानीय व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों, छात्र संघ के पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से चकरपुर में बन रहे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रीम प्रोजेक्ट चकरपुर इंडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम की दीवार के निर्माण मे आ रही परेशानी पर उप अधिकारी खटीमा एवं संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का तत्काल निराकरण करने के लिए कहा। गौरतलब हो कि पेयजल निगम द्वारा 18 करोड़ की लागत से चकरपुर में बहुउद्देश्यीय इंडोर स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को विभिन्न इंडोर खेलों में अपनी प्रतिभा को निखारने का एक स्थान प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से खटीमा में इंडौर स्टेडियम के निर्माण कार्य प्रगति पर है जिसका उद्घाटन जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाएगा।



निर्माण कार्य की प्रगति को देखने के लिए आज प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, चकरपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश जोशी, भाजपा नगर महामंत्री मनोज बाजवा, उपाध्यक्ष शुभम पटवा, जिला कार्यकारी सदस्य राहुल सक्सेना, रामनाथ शर्मा , विनोद उपाध्याय, पदम सिंह, सुमित वर्मा, कृष्णपाल, अनुराग, कैलाश सिंह, चंदर आर्य, जगत सिंह कार्की, चेतन शर्मा, शैलेश कुमार पांडे, रमेश पांडे, मेहताब राजा, राजू, भैरव दत्त पांडे आदि जनप्रतिनिधि व्यापारी एवं भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का प्रयास है कि खटीमा एवं आसपास के युवाओं को खेल प्रतिभा निकालने के लिए एक ऐसा मंच प्रदान करें कि क्षेत्र के खिलाड़ी उत्तराखंड और खटीमा का नाम देश एवं विदेश में भी रोशन करें । युवा खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

# चाकू सहित घूमता संदिग्ध गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास चौकी पुलिस ने आज प्रात: चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति को क्षेत्र में चाकू लेकर घूमते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई प्रदीप पंत व कां. चन्दन सिंह आज प्रात: क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान रविन्द्र नगर के मैदान के पास एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से घूमता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर जब उसने भागने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता सतनाम सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह निवासी बेदी सीमेंट स्टोंर के पास जगतपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। सतनाम का कहना था कि वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने चाकू कब्जे में लेकर सतनाम सिंह को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# पलक का नवोदय विद्यालय में चयन

गदरपुर (उद संवाददाता)।सरस्वती शिशु मंदिर बालिका उच्च विद्यालय की कक्षा 5 की छात्रा पलक सागर पुत्री राम



अवतार निवासी वार्ड नंबर 5 तेजा फौजा का चयन राजीव गांधी नवोदय विद्यालय खटीमा के लिये हुआ है।छात्रा पलक के पिता राज मिस्त्री है तथा माँ ग्रहणी है।छात्रा के माता पिता ने बच्ची की सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधन और स्टाफ को दिया।विद्यालय के प्रशासक रविंद्र बजाज,दीपक सुधा,विनोद भुसरी, अशोक भुड्डी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य धीरज पंत सहित सभी विद्यालय स्टाफ ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नारद जयंती पर पत्रकारों को किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नारद जयंती के उपलक्ष्य में विश्व संवाद केन्द्र एवं प्रचार विभाग द्वारा शहर के पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इससे पहले एक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें पत्रकारिता के विषय पर चर्चा की गयी।कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक शिव अरोरा, मुख्य वक्ता बृजेश बनकोटि व कार्यक्रम अध्यक्ष राजकुमार फुटेला ने संयुक्त रूप से किया। इसके पश्चात वरिष्ठ पत्रकार कंचन वर्मा, ज्ञानेंद्र शुक्ला, भूपेश छिमवाल, सुरेंद्र गिरधर आदि ने पत्रकारिता के बदलते स्वरूप के बारे में बताया। पत्रकार ज्ञानेंद्र शुक्ला ने कहा कि तथ्यों के बिना छापी गयी खबर से समाज में खराब संदेश जाता है। इसलिये पत्रकारों को चाहिये कि वो जिस खबर का संपादन कर रहे हैं उसके विषय में पूरी जानकारी को जुटा लें। कंचन वर्मा ने भी पत्रकारिता के मूल स्वरूप को बचाने को लेकर चिंता जाहिर की। विधायक शिव अरोरा ने




समस्त पत्रकारों को नारद जयंती की शुभकामनाएं देते हुये पत्रकारों की सराहना की। तद्पश्चात उनके द्वारा पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार ललित शर्मा व धीरेंद्र भट्ट ने किया। इस दौरान पत्रकार भरत शाह, गोपाल भारती, मनीष कुमार, नरेंद्र राठौर, सौरभ गंगवार, शिवम शर्मा, बबलू पाल, भानू चुघ, सुरेंद्र शर्मा, अनुज श्रीवास्तव के अलावा लक्ष्मी नारायण पटवा, प्रणय चौधरी, राजकुमार, हेमंत चौहान, अंजुल त्यागी, अजय पाल, राहुल प्रजापति, रजेश छाबड़ा, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# शिविर में बनाये गये आयुष्मान कार्ड

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। आयुष्मान कार्ड व इंडियन गैस से सम्बन्धित शिविर का सफल आयोजन भाजपा मीडिया प्रभारी द्वारा किया गया । क्षेत्र के होली विजन पब्लिक स्कूल परिसर में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैम्प का आयोजन भाजपा मीडिया प्रभारी रविन्द्रनाथ मजूमदार ने किया। कैम्प में शक्तिफार्म



के विभिन्न गाँव से तथा नगर पंचायत शक्तिगढ़ से 107 लोगों ने अपने आयुष्मान कार्ड का नवीनीकरण करवाये है। साथ ही लगभग बीस लोगो ने नया कार्ड बनवाया है। कैंप मे इण्डेन गैस कनेक्शन धारको का डिजिटल केवाईसी भी किया गया है। आयोजक भाजपा मीडिया प्रभारी रवि मजूमदार ने कहा हक समय-समय पर ऐसे महत्वपूर्ण शिविरो का आयोजन किया जायेगा,जिससे क्षेत्र के जनता को राहत मिलेगा।




# रोडवेज बसों में महंगा होगा सफर

देहरादून (उद संवाददाता)।रोडवेज बसों में सफर करना अब महंगा होने वाला है जून से यात्रियों को रोडवेज बसों में सफर करने के लिए ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। रोडवेज बसों में किराया बढ़ाने को लेकर तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) जून के पहले सप्ताह से आईएसबीटी में बसों के प्रवेश का शुल्क (पार्किंग फीस) बढ़ाने जा रहा है। रोडवेज यह फीस



यात्रियों से वसूलेगा। इससे उत्तराखंड की बसों में प्रति व्यक्ति किराया पांच से दस रुपये तक बढ़ जाएगा। दून में आईएसबीटी का स्वामित्व एमडीडीए के पास है। आईएस बीटी में प्रवेश करने वाली बसों से एमडीडीए प्रवेश शुल्क वसूलता है। अभी तक ये शुल्क 145 रुपये प्रति बस था। जून के पहले सप्ताह में उत्तराखंड की बसों के लिए ये शुल्क 240 रुपये हो जाएगा। आईएसबीटी से रोज उत्तराखंड की 250 से ज्यादा बसें चलती हैं। इसमें सबसे ज्यादा बसें दिल्ली रूट पर चलती हैं। इसके अलावा चंडीगढ़, हिमाचल के साथ उत्तराखंड में नैनीताल,हल्द्वानी,लोहाघाट ,बागेश्वर, ऋषिकेश, हरिद्वार के लिए बसें संचालित होती हैं। मालूम हो कि यूपी, हरियाणा, हिमाचल,पंजाब की बसों के लिए एमडीडीए पूर्व में ही प्रवेश शुल्क बढ़ा चुका है।




# बिल्डर साहनी सुसाईड मामले में धोखाधड़ी और जबरन वसूली की धाराएं जुड़ी

देहरादून (उद संवाददाता)।बिल्डर बाबा साहनी की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी (आईपीसी 420) और जबरन वसूली करने के लिए धमकाना (आईपीसी 385) की धाराएं जोड़ी हैं। धाराओं की यह बढ़ोतरी पुलिस ने मृत्यु से पहले साहनी के 16 मई को दिए प्रार्थनापत्र को जांच में शामिल करते हुए की है। साहनी ने खुद की जान का खतरा बताते हुए पुलिस को यह प्रार्थनापत्र दिया था। दावा किया जा रहा है कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी कि इसी बीच साहनी ने आत्महत्या कर ली।बिल्डर सतेंद्र साहनी उर्फ बाबा साहनी ने गत शुक्रवार को रिहायशी बिल्डिंग की आठवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। उनके पास से मिले सुसाइड नोट के आधार पर सहारनपुर के गुप्ता बंधुओं में से एक अजय गुप्ता और उसके बहनोई अनिल गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया था। सुसाइड नोट में साहनी ने आरोप लगाए थे कि उन्होंने रिहायशी कांप्लेक्स के निर्माण के लिए अनिल गुप्ता से साझेदारी की थी। लेकिन, अजय गुप्ता ने इसमें दखलअंदाजी करते हुए उन पर पूरा



प्रोजेक्ट अपने नाम कराने का दबाव बनाने लगा। साहनी की आत्महत्या के बाद पता चला कि उन्होंने आत्महत्या से ठीक आठ दिन पहले पुलिस को एक शिकायती प्रार्थनापत्र दिया था। इसमें उन्होंने अजय गुप्ता और अनिल गुप्ता पर धोखाधड़ी और जबरन वसूली करने के लिए डराने धमकाने के आरोप लगाए थे। अब तक पुलिस आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपों की जांच कर रही थी। लेकिन, अब इस प्रार्थनापत्र के आधार पर धोखाधड़ी और जबरन वसूली करने के लिए डराने की धाराएं भी जोड़ दी हैं।एसएसपी अजय सिंह ने मामले को लेकर कहा कि पूरे मामले में गंभीरता से जांच की जा रही है। जो भी तथ्य आ रहे हैं उनके आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इस मामले में परिजनों और साहनी के कारोबार से जुड़े लोगों के बयान भी दर्ज कर रही है। साहनी और गुप्ता के बीच किन-किन बातों को लेकर विवाद हुए थे इनकी पड़ताल भी की जा रही है। उधर अजय गुप्ता और अनिल गुप्ता की जमानत मजिस्ट्रेट कोर्ट से सोमवार को खारिज हो गई थी। इसके बाद दोनों के अधिवक्ताओं की ओर से अब सत्र न्यायालय में जमानत के लिए प्रार्थनापत्र दिया गया है। सत्र न्यायालय इस प्रार्थनापत्र पर अब 30 मई को सुनवाई करेगा। बता दें कि सोमवार को बचाव और अभियोजन के बीच हुई बहस में एसीजेएम तृतीय की कोर्ट ने बचाव के तर्कों को बेबुनियाद बताया था। अभियोजन ने इस मामले में एफआईआर और सुसाइड नोट को आधार बनाया था।

# संत दर्शन सिंह की बरसी पर कल लगेगी विशाल छबील

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कृपाल आश्रम के दयाल पुरूष संत दर्शन सिंह



जी महाराज की बरसी पर कल 30 मई को सत्संग और छबील वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी देते हुये कृपाल संत के सेवादार ने बताया कि कल 30 मई को दयाल पुरूष संत दर्शन सिंह जी महाराज की बरसी दिवस है इस अवसर पर कृपाल आश्रम रूद्रपुर में प्रातः 9 बजे से 10 बजे सत्संग का कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके पश्चात मीठे जल का वितरण किया जायेगा। उन्होंने सभी आम जनता से सत्संग में पहुंच कर छबील ग्रहण करने की अपील की है।

# यूपी का भू माफिया प्राधिकरण के नियमों को दिखा रहा ठेंगा

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडा थाना क्षेत्र के भरतपुर इलाके में सरकार के सभी नियम कायदों को ताक पर रखकर लगभग 35 बीघा भूमि पर केदार हाइट नमक गेटेड सोसायटी का निर्माण कार्य चल रहा है। अवैध कॉलोनी के रूप में विकसित हो रही इस केदार हाइट के बारे में सूत्रों का कहना है कि यह कॉलोनी पूरी तरह से अवैध है। उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के रहने वाले एक भू माफिया ने जमीन के स्वामी से सांठ गांठ करके इस भूमि पर निर्माण कार्य शुरू किया है। पूरी तरह से उपजाऊ इस भूमि की 143 नहीं कराई गई है और ना ही किसी प्रकार का नक्शा पास कराया गया है। मोबाइल फोन पर जब इस बारे में यूपी के भूमिया से संपर्क साधने का प्रयास किया गया तो उसने बताया कि वह पूरी तरह से कानून के हिसाब से काम कर रहा है उसने यह भी कहा कि 35 बीघा भूमि की उसके द्वारा रजिस्ट्री करा ली गई है। जबकि जानकारी जुटाना पर पता चला कि जमीन के असल स्वामी द्वारा रजिस्ट्री नहीं की गई है। यानी जमीन के मालिक और भू माफिया दोनों के आपसी मनसौदे से अवैध कालोनी काटने का गैरकानूनी खेल खेला जा रहा है।

# फर्राटा भर रहे डंपरों से उड़ रहा धूल का गुबार

काशीपुर(उद संवाददाता)। जसपुर रोड पर मंडी चौकी से कुदैयावाला तक का मार्ग वाहन चालकों के लिए बेहद जोखिम भरा हो गया है। इस मार्ग पर निर्माणाधीन फोरलेन में भरान कर रहे आरसीएल के डंपर मिट्टी भरकर मौत के मानिंद फर्राटा भर रहे हैं। धूल का गुबार सड़कों पर उड़ने के कारण गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। सूत्रों का कहना है कि आरसीएल के प्रबंधक ने स्थानीय पुलिस से सेटिंग कर लिया। यही कारण है कि सड़कों पर ना तो पानी का छिड़काव किया जा रहा है और ना ही डंपरों में लगे मिट्टी के खेप को ढक कर ले जाया जा रहा है। जानकार बताते हैं कि सुबह सवेरे से लेकर देर रात तक आरसीएल नामक कंपनी के लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक डंपर ढेला नदी से खनन कर खनन कर लेन निर्माण स्थल तक मिट्टी को ढोने का काम कर रहे हैं जबकि शाम होने के बाद मिट्टी ढोने का यह काम नियम विपरीत माना जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि ऑकलैंड तथा जेसीबी मशीन के जरिए ढेला नदी में मनमानी तरीके से खनन कार्य किया जा रहा है।

# मतगणना के लिए कार्मिकों का हुआ प्रथम रेंडमाइजेशन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के सफलतापूर्वक संपादन हेतु आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना में लगे हुए कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में हुआ यह रेंडमाइजेशन रिजर्व समेत 498 मतगणना कार्मिकों का हुआ। इसमें 20 प्रतिशत कार्मिक आरक्षित है। जिला निर्वाचन




अधिकारी ने बताया कि मतगणना सफलतापूर्वक हो, इसके लिए पर्याप्त कार्मिकों की उपलब्धता है। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की मतगणना में 192 कार्मिक तैनात किए गए हैं तथा ईवीएम की मतगणना हेतु कुल 306 कार्मिक तैनात किए गए हैं, जिनमे 90 मतगणना सुपरवाइजर, 96 मतगणना सहायक तथा 120 माइक्रो आब्जर्वर हैं। इस प्रकार कुल 498 मतगणना कार्मिक तैनात किए गए हैंइस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नोडल कार्मिक आकांक्षा कोंडे, अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी संजीव सहारन, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी भरत सिंह रावत, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पवन सिंह खडाई आदिउपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में बेसिक कंप्यूटर का एड ऑन कोर्स एक जून से

किच्छा।राजकीय महाविद्यालय में 1 जून से बेसिक कंप्यूटर का एड ऑन कोर्स प्रारंभ हो जायेगा जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी ही प्रवेश ले सकेंगे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजीव रतन ने बताया कि महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों के विकास के लगातार कोशिशें कर रहा है। इसी कड़ी में राजकीय महाविद्यालय किच्छा में 30 घंटे का कम्प्यूटर कोर्स 1 जून 2024 से शुरु होगा।दस दिन चलने वाले इस कोर्स का शुल्क 300 रखा गया है। कोर्स पूर्ण करने वाले छात्रों को महाविद्यालय की ओर से प्रमाण-पत्र जारी किया जायेगा। इच्छुक छात्र/छात्राएँ दिनांक 30 मई तक डॉ० प्रकाश चन्द भट्ट अथवा डॉ० नरेश कुमार से सम्पर्क कर शुल्क जमा करके पंजीकरण करा सकते हैं। कोर्स प्रभारी डॉ नरेश कुमार ने कहा कि यह महाविद्यालय में एड ऑन कोर्स की शुरुआत है । कार्यक्रम का मकसद विद्यार्थियों को समय के अनुरूप तकनीकी जानकारी देना है । निर्धारित सीटों पर ही प्रवेश किया जा सकेगा।

# युवक पर युवती को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र से एक युवती बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। गायब युवती के परिजनों ने पुलिस को दी तहरीर में एक युवक पर युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक बीते 25 में की दोपहर कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र निवासी 20 वर्षीय युवती को बंटी नामक युवक बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। घटना के बाद से अब तक परिजनों द्वारा तमाम तलाश के बावजूद गायक युवती का पता नहीं चल सका है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# 60 पाउच कच्ची शराब सहित एक दबोचा

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान 60 पाउच अवैध कच्ची शराब की बड़ी खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक रोजाना की भांति कुंडेश्वरी पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी इसी दौरान उसने खरमासी पुलिया के समीप संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए कुंईखेड़ी थाना गदरपुर तथा हाल रमपुरा निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र अरुण सिंह को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 60 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्कर का पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया।

# पांच सड़क हादसों की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

रूद्रपुर। जिला मजिस्ट्रेट उदयराज सिंह ने जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुए पांच सड़क हादसों की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। किच्छा थाना क्षेत्र में हादसे में टेम्पो चालक ने किच्छा रोड पर वाहन को लापरवाही से चलाकर आदित्य प्रताप नामक व्यक्ति को टक्कर मारकर गम्भीर रूप से घायल करने की मजिस्ट्रेटी जांच उप जिलाधिकारी किच्छा को दी है। 18 जनवरी 2023 को शंकर फार्म, एनएच रोड पुलभट्टा में सड़क दुर्घटना में प्राइवेट बस के वाहन चालक ने तीन व्यक्तियों को टक्कर मारकर घायल कर दिया था। इसकी मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए थे। एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। 1 दिसम्बर 2022 को हल्द्वानी-रुद्रपुर रोड संजय वन के पास पंतनगर में हुए हादसे में मैजिक वाहन चालक ने एक व्यक्ति को टक्कर मारकर गम्भीर रूप से घायल करने में मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। इस हादसे में इकराम खां की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। वहीं 5 नवंबर 2022 को महालक्ष्मी कंपनी के पीछे, थाना पंतनगर में सड़क दुर्घटना में टेम्पो चालक ने वीरपाल नाम के व्यक्ति की बाइक में टक्कर मार दी थी। इसकी मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। 16 नवंबर 2022 को आनंदपुर मोड किच्छा में सड़क दुर्घटना में उत्तराखंड परिवहन की बस के वाहन चालक के मामले में मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। इस हादसे में 30 वर्षीय प्रीतम कोहली की मौत हो गई थी। डीएम ने पांचों सड़क हादसों की मजिस्ट्रेटी जांच के लिए उप जिलाधिकारी किच्छा कौस्तुभ मिश्र को जांच अधिकारी बनाया है। जांच अधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने कहा कि इस संबंध में यदि कोई व्यक्ति जानकारी रखता हो या कथन करना चाहता है तो वह 3 जून तक ब्यान दर्ज कराने साक्ष्य सहित उप जिलाधिकारी किच्छा के सम्मुख उपस्थित हो जाएं।




# अपहरण व दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। अपहरण व दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते दबोच लिया। बता दें कि ललितपुर थाना रामनगर जनपद नैनीताल निवासी हिमांशु सैनी पुत्र नन्हे सैनी के विरुद्ध धारा 363 366 आईपीसी के अलावा 7/8 पोक्सो अधिनियम के एक मामले में पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। पुलिस ने फरार चल रहे हैं अभियुक्त को बीते दिवस गिरफ्तार कर जरूरी पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# बायोटेक में नियुक्ति के लिए दबाव बनने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड जैवप्रौद्योगिकी परिषद् (बायोटेक) के कर्मियों ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में एक पूर्व कर्मी पर बैकडोर नियुक्ति के लिए शासन प्रशासन पर दबाव बनाने का आरोप लगाया है। बायोटेक कर्मी सचिन शर्मा व अनुज कुमार का आरोपउहै कि बैकडोर नियुक्ति की चाह रखने के लिये शासन, प्रशासन में अपनी पहुंच का प्रयोग कर लगातार दबाव व परिषद् में कार्यरत कर्मचारी को ब्लैकमेल कर नौकरी पाने के लिये शिकायतें की जा रही हैं। उनका कहना है उत्तराखण्ड जैवप्रौद्योगिकी परिषद्, हल्दी में मल्ला गोरखपुर, गौनिया निवास, हल्द्वानी निवासी होशियार सिंह गौनिया के सुपुत्र सचिन गौनिया वर्ष 2018 से 2022 तक परियोजना के माध्यम से जेपीएफ के पद पर कार्यरत रहे। इसी दौरान बायोटेक में खाली पदों पर बैकडोर नियुक्ति के लिये होशियार सिंह गौनिया जुगाड़ में लगे रहे। वर्ष 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री को पत्र लिखा तथा अपनी राजनीतिक पहुंच व सचिवालय में जान-पहचान का फायदा उठाकर निदेशक, उत्तराखण्ड जैवप्रौद्योगिकी परिषद् को पत्र भी प्रेषित कर दिया गया तथा बायोटेक पर दबाव बनाने लगे। वर्ष 2022 में भी सांसद को भी पत्र भेजकर परिषद् के निदेशक पर दबाव बनाया गया। उनका कहना है वर्ष 2021 में तत्कालीन निदेशक द्वारा खाली पदों पर उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0 (उपनल) के माध्यम से नियमानुसार नियुक्ति की प्रक्रिया हुई। उक्त पदों पर सचिन गौनिया अपनी नौकरी की चाहत रखते थे इसलिये खिन्न होकर सूचना का अधिकार लगाना शुरू किया। परिषद्, हल्दी में कार्यरत एक कर्मचारी को सचिन गौनिया द्वारा नौकरी के लिये ब्लैकमेल किया गया तथा डराया गया। उस कर्मचारी द्वारा निदेशक, उत्तराखण्ड जैवप्रौद्योगिकी परिषद् (बायोटेक) को भी अवगत कराया गया। रिपोर्टर से संपर्क करने पर उस कर्मचारी द्वारा बताया गया कि सचिन गौनिया व उसके पिता किसी भी स्तर से नौकरी की चाहत रखते हैं इसलिये उस कर्मचारी को बदनाम कर मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं। गौरतलब है कि परियोजना में कार्य के दौरान वर्ष 2018-2020 में सचिन गौनिया द्वारा बायोटेक में नौकरी के साथ-साथ देवस्थली विद्यापीठ, रूद्रपुर से बी.एड. की नियमित डिग्री प्राप्त की है जिसकी जांच भी बायोटेक, हल्दी में गतिमान है। उनके पिता द्वारा कुछ कर्मचारियों के खिलाफ उच्च न्यायालय में कुंमाऊं कमीश्नर की रिपोर्ट को लेकर वाद भी दायर किया गया है जिसके जवाब में उन कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि जांच के दौरान उनका पक्ष भी नहीं जाना गया तथा जो भी शिकायत उनके खिलाफ की गयी है वह असत्य तथा गुमराह करने वाली है। उन कर्मचारियों की नियुक्ति परिषद् का पदीय ढ़ांचा स्वीकृत होने से पूर्व नियमावली के अनुसार है एवं उनके खिलाफ कुमाऊं आयुक्त, नैनीताल कार्यालय में अपनी पहुंच का फायदा उठाकर जांच भी करा दी गयी जिसकी कर्मचारियों को भनक भी नहीं लगने दी गयी। परिषद् में परियोजना के माध्यम से कार्य के दौरान सचिन गौनिया का कार्यकाल भी विवादित रहा जिसके कारण परियोजना अन्वेषक द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही कर निदेशक, बायोटेक को भी शिकायत की गयी। वहीं दूसरी ओर सचिन गौनिया ने उन पर लगाये आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह किसी को ब्लैकमेल नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा बायोटेक में आईआरटी उनके पिता द्वारा लगाने के साथ हाईकोर्ट में जनहित याचिका भी उन्ही की ओर से दाखिल की गई।

# पॉलीथीन के खिलाफ अभियान से मचा हड़कम्प

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से मंगलवार को नगर निगम की टीम ने शहर में पॉलीथिन उन्मूलन को लेकर अभियान चलाया। टीम ने पॉलीथिन रखने पर 22 दुकानदारों के चालान कर उनसे 91 हजार रुपये जुर्माना वसूला। टीम ने मुख्य बाजार,



आवास विकास, मोदी मैदान, सब्जी मंडी में कार्रवाई की। इस दौरान व्यापारियों में हड़कम्प मचा रहा। छापामारने आई टीम ने व्यापारियों को प्रतिबंधित पॉलीथीन का प्रयोग न करने की हिदायत दी। टीम में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हर्षपाल सिंह चंडोक, शुभम पाल कांडपाल, सीपीसीबी के एसई आरके मिश्रा, यूके पीसीबी के एसई सुनील कुमार आर्य, आकाश कुमार आदि शामिल रहे।

# क्यो कुसिन कराटे फाउंडेशन के दीपक प्रदेश सचिव व मुजाहिद उपाध्यक्ष बने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।क्यो कुसिन कराटे फाउंडेशन के दीपक रावल। को प्रदेश सचिव व मुजाहिद इस्लाम को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। क्यो कुसिन कराटे फाउंडेसन के प्रदेश अध्यक्ष रुपेन्द्र नागर ने बताया कि अति शिघ्र प्रदेश में खेल प्रेमियों को सम्मिलित करते हुये क्यो कुसिन कराटे को पूरे उत्तराखंड में पहुंचाएंगे जिसको लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष सियान बसंत कुमार सिंह के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खिलाड़ी करीब तीन दशक से कराटे की इस कला से जुड़ें मुजाहिद इस्लाम को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी गई। मुजाहिद इस्लाम ने 1993 में यूपी टूर्नामेंट कानपुर,1995 में फैजाबाद, 1996 में राष्ट्रीय टूर्नामेंट कोलकाता तथा गुवाहाटी में खेलकर हल्द्वानी शहर के साथ-साथ उत्तराखंड का मान बढ़ाया है। ब्लैक बेल्ट खिलाड़ी के साथ-साथ एक कुशल प्रशिक्षक के रूप सैकडो बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। साथ ही दीपक रावल को प्रदेश सचिव नियुक्त किया





गया है। दीपक रावल एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप पर पहचान बना चुके हैं। जिन्होनें हिंदुस्तान के कई राज्यो के साथ-साथ मार्च 2018 में यूरोप चैंपियनशिप में रजत पदक प्राप्त कर व नवंबर 2018 में विश्व कप टूर्नामेंट चीन में भागीदारी कर उत्तराखंड का मान बढ़ाया है। प्रदेश अध्यक्ष रूपेंद्र नागर ने बताया कि इन दोनों खिलाड़ियों के मनोनयन से संस्था को मजबूती प्रदान होगी। अनेकों खेल प्रेमियो व सामाजिक संगठनों ने दीपक रावल व मुजाहिद इस्लाम को उनके मनोनयन पर शुभकमनाएं दी। जिनमें एडवोकेट वीरेंद्र पाल, राष्ट्रीय खिलाड़ी भूपेन्द्र बिष्ट, महेंद्र भाकुनी, केकेएफआई सचिव हरिश पांडे, विक्की राज शर्मा, केनट लाल, गौरव गुप्ता, शकील अहमद, शाहनवाज सब्बू, पूर्व पार्षद महेंद्र नागर, श्रीमती भागीरथी देवी, मनीषा नागर, शकील सलमानी, शिवसेना जिला अध्यक्ष त्रिलोक सिंह, फल सब्जी फुटकर व्यापार समिति के महामंत्री हसीन अंसारी, शेखर जोशी, अशोक कश्यप, शिवसेना नगर उपाध्ध्यक्ष प्रमोद आर्य, मीडिया प्रभारी अभिषेक कश्यप आदि शामिल हैं।

# विराट धर्म सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

## 9 से 12 जून आयोजित होगा प्राकट्योत्सव

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा धाम आश्रम गढीनेगी व एएन झा इंटर कॉलेज करनपुर में श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज के पावन जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आगामी 9 से12 जून को आयोजित विराट धर्म सम्मेलन की तैयारियाँ व्यापक व जोरशोर से चल रही हैं। यह जानकारी देते हुए हरि भक्तों ने बताया कि स्वामी श्री हरि चौतन्य पुरी जी महाराज का आगमन 1 जून को सांय 4 बजे गढीनेगी में होगा। उनका ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। 1 जून से 12 जून तक अविरल हरि नाम की अमृत धारा बहेगी। गाँव व क्षेत्र के हरि भक्तों में कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।11 जून को भव्य, विशाल व अभूतपूर्व कलश यात्रा श्री हरेश्वर महादेव मंदिर, श्री हरि कृपा धाम आश्रम गढीनेगी से एएन झा इंटर कॉलेज करनपुर तक प्रातः काल निकाली जाएगी। 1 से



8 जून तक नित्य प्रवचन सांय 4 से 6 बजे गढीनेगी में, 9 से 11 जून दिव्य प्रवचन सांय 4-6 बजे इंटर कॉलेज करनपुर में, 12 जून को विराट धर्म सम्मेलन प्रातः 9 से 1 बजे तक, विशाल भण्डारा 1 से 4 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान लाखों भक्तों के अलावा अनेक प्रमुख संत, मुख्यमंत्री उत्तराखंड, अनेक पूर्व मुख्यमंत्री, अनेक केन्द्रीय मंत्री, अनेक मंत्री, अनेक सांसद, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश के अनेक बड़े अधिकारी, अनेक माननीय न्यायाधीश व क्षेत्र के गणमान्य लोग पहुँचेंगे। सुप्रसिद्ध भजन गायकों के भजन व विश्व प्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी। 12 जून को परम पूज्य श्री महाराज जी का पावन प्राकट्योत्सव जन्मोत्सव हमेशा की भाँति भारत सहित सम्पूर्ण विश्व के 360 से भी अधिक स्थानों पर मनाया जाएगा। 12 अप्रैल से ही श्री महाराज जी जहां भी पधार रहे हैं हरि भक्त धूमधाम से जन्मोत्सव मना रहे हैं।

# नगर निगम ने कराई बड़े नालों की तली झाड़ सफाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नगर निगम की टीम ने जलभराव व बाढ़ से निजात दिलाने के लिए शहर में बड़े नालों की तलीझाड़ सफाई कराई जा रही है। टीम ने मंगलवार को वार्ड नंबर 1, 8, 9, 12 , में नालों की सफाई एवं वार्ड नंबर 39 में कल्याणी नदी की सफाई कराई गई। सफाई निरीक्षक के निर्देशन में चल रहे सफाई अभियान में 59 कार्मिक व 8 सुपरवाइजर लगाए गए।नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हर्षपाल सिंह चंडोक ने बताया कि शहर में बड़े नालों एवं जल निकासी के लिए बनाई गई नालियों की सफाई के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।टीम में एसआई कुलदीप कुमार, गौतम सिंह,राजपाल,सुरज, बब्लू, सुशील, कमान सिंह, सुनील, राजीव आदि रहे।

# कमिश्नर ने दिये बस सीज करने के निर्देश

## पर्यटकों की कार को मारी थी टक्कर ,चालक के पास नहीं मिला लाइसेंस

नैनीताल(उद संवाददाता)। ज्योलीकोट मार्ग पर ओवरटेक कर रही केमू की बस ने पर्यटकों की कार को टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। इसी बीच वहां से गुजर रहे कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत हादसा देखकर वहीं रुक गए और बस के दस्तावेज जांचे तो बस चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस ही नहीं मिला जिस पर कुमाऊं आयुक्त ने बस को तत्काल सीज करने के निर्देश परिवहन विभाग दिए। जानकारी के अनुसार यूपी के पर्यटक कैंची धाम से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे। पर्यटकों की कार भवाली -ज्योलीकोट मार्ग पर खूपी गांव में पहुंची ही थी कि अल्मोड़ा से आ रही बस ने पीछे से कार में टक्कर मार दी। बस की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस



दौरान सड़क पर लंबा जाम लग गया। बस चालक व कार चालक एक दूसरे की गलती बताते हुए झगड़ने लगे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने अपनी गाड़ी रुकवा कर मामले की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने बस चालक से वाहन के दस्तावेज व ड्राइविंग लाइसेंस दिखाने को कहा। जिस पर पता चला कि वाहन चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस ही नहीं है। इसके बाद कुमाऊं आयुक्त ने संभागीय परिवहन विभाग को तुरंत बस सीज करने के निर्देश दे दिए और साथ ही बस संचालक को कार की मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

# कोर्ट के आदेश पर पांच के विरूद्ध मारपीट की रपट दर्ज

रूद्रपुर। कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों पर घर में घुसकर परिजनों पर जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज कराया गया है। दर्ज रपट में शान्ति विश्वास पत्नी विनय विश्वास निवासी घास मण्डी वार्ड 36 रुद्रपुर ने कांति अधिकारी, उसकी पुत्री बबली व पूनम, सोनल पुत्री बबली व सुबीर दास आदि निवासीगण घास मण्डी के विरूद्ध कहा है कि उसके पुत्र बाबू विश्वास की पड़ोस में रहने वाले कांति अधिकारी से पैसो के लेन देन को लेकर आपसी रंजिश है। 25 मार्च 2024 होली के दिन की सुबह कांति अधिकारी शराब के नशे में धुत होकर उसके घर में घुस आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर मार-पीट करने लगा। जब उसका पुत्र बाबू विश्वास बीच-बचाव करने आया इतने में कांति अधिकारी की पुत्रियों बबली, पूनम तथा सोनल पुत्री बबली, उसके दामाद सुबीर शान्ति विश्वास दास तथा एक अन्य अपने दो अन्य साथियो के साथ उसके घर में हाथ में लाठी-डंडे, सरिया, लोहे की रॉड व तलवार लेकर घुस आए। आरोप है उन्होंने बाबू विश्वास को बुरी तरह मारापीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कॉल करने पर पुलिस की गाड़ी आ गई तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। लोगों ने उसे व उसके पुत्र को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। पुत्र बाबू विश्वास की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सुशीला तिवारी अस्पताल में रेफर किया। घटना की तहरीर पुलिस को देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# व्यापारियों ने राहगीरों को बांटा मीठा जल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में भीषण गर्मी को देखते हुए आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए मुख्य बाजार के व्यापारियों ने छबील लगाकर राहगीरों को मीठे जल का वितरण किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय ने कहा कि क्षेत्र में पिछले कई माह से आशानुरूप वर्षा न होने से जहां आम जनता को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं दूसरी ओर संक्रामक रोग भी पांव पसारते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता की इस परेशानी को देखते हुए व्यापारी भाईयों ने उन्हें कुछ राहत पहुंचाते हुए छबील लगाकर मीठे जल का वितरण किया। श्री जुनेजा ने कहा कि मीठा जल वितरित करने के



साथ ही व्यापारी भाईयों ने इन्द्र देवता से वर्षा की कामना की। इस दौरान जल वितरित करने वालों में गोविंद गुलाटी, साहिल आहूजा, आदित्य आहूजा, राहुल सरीन, राकेश डूडेजा,राकेश मिगलानी, बॉबी टुटेजा, राकेश तनेजा, सिमरन सिंह, पंकज लूथरा, आकाश भुसारी, अशोक कुमार, कार्तिक आहूजा, जसवंत सिंह, संदीप सिंह, कपिश सुखीजा, सुमित सहगल आदि अनेको व्यापारी मौजूद थे।

# किशोरियों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आंगनबाड़ी केंद्र सामुदायिक भवन दरिया नगर में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत महावारी स्वच्छता दिवस के उपलक्ष में किशोरियों को चार्ट प्रतियोगिता , वाद - विवाद प्रतियोगिता व प्रोजेक्ट के माध्यम से वीडियो दिखाकर जागरूक किया व किशोरियों की भ्रांतियां को दूर किया। उत्तम प्रतिभा करने वाली किशोरियों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज कुमार ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया व महावारी स्वच्छता , पोषण, एनीमिया पर विशेष जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला प्रबंधक मोहम्मद आमिर खान, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की महिला चिकित्सा अधिकारी श्रीमती रेखा,राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य काउंसलर डोरी सिंह, कल्पना बिष्ट, एएनएम दीपा जोशी, समर्थ कार्यक्रम से कीर्ति पांडे, संध्या, लेखराज, आशा कार्यकती सुमित्रा, कनकलता, पियर एजुकेटर व अन्य कई किशोरियां उपस्थित रही।



# कोलम्बस में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से सम्पन्न

## मेधावी छात्र-छात्राओं को बांटी छात्रवृत्ति, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने किया मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर। मॉडल कॉलोनी स्थित कोलम्बस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में डी0आर0डी0ओ0 में ऐशोसिएट डायरेक्टर के पद से सेवानिवृत्त डॉ0 सतीश चंद्र पंत बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। साथ ही टाटा मोटर्स पन्तनगर के प्लांट हेड श्रीनाथ शर्मा, टाइटन कम्पनी की ज्वैलरी डिवीजन के प्लांट हेड प्रियांक कुमार, स्टीलबर्ड इंटरनेशनल के प्लांट हेड जयंत सक्सेना ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथिगणों ने माँ शारदा की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने मुख्य अतिथि सहित सभी विशिष्ट अतिथियों को दुशाला ओढ़ाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात् विद्यालय समूहगान के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथिगणों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी संगीतमयी मनमोहक प्रस्तुतियों से समारोह में संगीत व नृत्य का शमा बाँध दिया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया सामूहिक नृत्य ‘शिव तांडव’ आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहा। देर शाम तक चले इस कार्यक्रम में विद्यालय के विशिष्ट प्रतिभा सम्पन्न छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। पिछले शैक्षिक सत्र में अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के चेयरमैन केसरदास खेड़ा ने प्रति विद्यार्थी ग्यारह-ग्यारह हजार रूपये के चैक छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान किए। इस वर्ष कुल मिलाकर लगभग तीन लाख छियालीस हजार रूपये छात्रवृत्ति के रूप में वितरित किए गए। साथ ही पिछले शैक्षिक सत्र के दौरान कक्षावार शत प्रतिशत उपस्थिति रखने वाले छात्र-छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। समारोह में कक्षा 12वीं एवं कक्षा 10वीं की इस वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को भी विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। शैक्षिक सत्र 2023-24 में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यालय की कक्षा 12वीं की मेधावी छात्रा मानसी मिश्रा को विद्यालय द्वारा श्रीमती भगवानी देवी स्मृति विद्या रत्न अवार्ड से नवाजा गया और पुरस्कार स्वरूप इक्कीस हजार रूपये की धनराशि भेंट की गयी। साथ ही कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र जगजीवन सिंह गिल को गोस्वामी बाँके लाल जी स्मृति विद्या रत्न अवार्ड से नवाजा गया और इन्हें भी पुरस्कार स्वरूप इक्कीस हजार रूपये की धनराशि भेंट की गई। ज्ञात हो कि हाल ही में बोर्ड परीक्षाओं के घोषित परिणामों में कक्षा 12वीं के वाणिज्य संकाय की मेधावी छात्रा मानसी मिश्रा ने सर्वोत्तम 96.6 प्रतिशत अंक व कक्षा 10 के जगजीवन सिंह गिल ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने अपने सम्बोधन में विद्यालय की वार्षिक प्रगति की आख्या प्रस्तुत कर विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। साथ ही उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुल 104 छात्र-छात्राओं को उनकी विशिष्ट प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होनें बच्चों के प्रोत्साहन के लिये तीन लाख छियालीस हजार रूपये की छात्रवृत्ति बाँटने के लिए स्कूल प्रबंधन का तहे दिल से धन्यवाद किया। समारोह में उपस्थित अभिभावकों ने अपने बच्चों की उपलब्धियों पर स्वंय को गौरवान्वित महसूस किया। कार्यक्रम के अंत की ओर मुख्य अतिथि डॉ0 सतीश चंद्र पंत ने अपने सम्बोधन में सभी पुरस्कृत छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना की। साथ ही उन्होंने विद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में स्वर्णिम कार्य करने के लिए कोलम्बस परिवार की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अन्त में विद्यालय की उपप्रधानाचार्या डॉ0 कामेश मित्तल ने धन्यवाद प्रस्ताव पढ़ते हुए उपस्थित अतिथियों व अभिभावक गणों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती कमलेश खेड़ा, ललित खेड़ा , श्रीमती श्वेता खेड़ा , अनिल ढ़ीगरा,हेम पंत, स.अजमेर सिंह सहित अभिभावक गण व विद्यालय के शिक्षकगण रहे।












# जांच में फेल हुआ जीरे का सैंपल, 35 हजार जुर्माना

रूद्रपुर (उदसंवाददाता)।न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि०/रा०) ऊधम सिंह नगर अशोक कुमार जोशी ने एफ०एस०एस० एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप न पाये जाने वाले खाद्य पदार्थ को विक्रय/संग्रहण/निर्माण करने वाले कारोबारी पर कुल 35 हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया है। जिला अभिहित अधिकारी, ऊधम सिंह नगर डा० प्रकाश फुलारा ने बताया कि पूर्व में संग्रहित नमूने जिसमें से राज्य खाद्य एवं औषधि जांच प्रयोगशाला रूद्रपुर की जांच रिपोर्ट में मानकों के अनुरूप न पाये जाने वाले खाद्य पदार्थ जीरा (पैक्ड) की बिक्री पर 35000 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए अभियान लगातार जारी है इसके तहत रूद्रपुर स्थित रेस्टोरेंट एवं होटलों का औचक निरीक्षण किया गया, तथा खाद्य पदार्थों के 8 नमूने भरे गये, साथ ही निरीक्षण में खाने की गुणवत्ता एवं साफ-सफाई बनाये रखने के निर्देश भी दिये गये एवं सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि यदि किसी भी खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा एफ०एस०एस० एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप न पाये जाने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों का विक्रय/संग्रहण/निर्माण किया जाता है तो उसके विरूद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी, तथा आम जनमानस से अपील की गई कि खाद्य एवं पेय पदार्थों को खरीदते समय निर्माण तिथि/उपभोग की तिथि व खाद्य कारोबार कर्ता का खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण अवश्य देख लें तथा निम्न गुणवत्ता, अस्वछकर एवं अस्वास्थ्यकर खाद्य सामग्री विक्रय कियेजाने पर टोल फ्री न. 18001804246 पर शिकायत करें।



# देहरादून-पंतनगर के बीच एक और फ्लाइट शुरू

पंतनगर (उद संवाददाता)। यात्रियों को देहरादून से पंतनगर के बीच मिल रही दो हवाई सेवाओं फ्लाई बिग और एलायंस एयर के साथ ही एलायंस एयर ने सोमवार से एक और साप्ताहिक उड़ान की शुरूआत कर दी है। इसके जल्द सप्ताह में दो दिन उड़ान भरने की संभावना है।देहरादून-पंतनगर के बीच वर्तमान में दो हवाई सेवाएं फ्लाई बिग की दून-पिथौरागढ़-पंतनगर और एलायंस एयर की दून-वाराणसी वाया पंतनगर संचालित हो रही थीं। अब एलायंस एयर ने सोमवार से दून-पंतनगर के बीच एक नई साप्ताहिक फ्लाइट शुरू कर दी है। प्रचार-प्रसार के अभाव में सोमवार को दून-पंतनगर के बीच पहली फ्लाइट से मात्र 31 यात्रियों ने सफर किया। एलायंस एयर के पंतनगर स्टेशन प्रबंधक नवीन आहूजा ने बताया कि अभी यह फ्लाइट केवल सोमवार को ही उड़ान भरेगी, जबकि जल्द ही इसके सप्ताह में दो दिन रविवार और सोमवार को उड़ान भरने की संभावना है। इस हवाई मार्ग पर एलायंस एयर अपने एटीआर-72 विमान से सेवाएं प्रदान करेगी। यात्रियों को इस फ्लाइट में दून-पंतनगर के बीच सामान्य किराया लगभग साढ़े चार हजार रुपये अदा करना होगा। देहरादून से यह फ्लाइट सुबह 09.20 बजे उड़ान भरकर 10.15 बजे पंतनगर पहुंचेगी और वापसी में पंतनगर से 10.40 बजे उड़ान भरकर 11.35 बजे देहरादून पहुंचेगी।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## देश में गर्मी की मार

तमतमाती गर्मी और भीषण लू की चपेट में आधा भारत है, लिहाजा मौसम भयावह हो गया है। करीब 50 शहरों में तापमान 46-47 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। राजधानी दिल्ली में कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां पारा 48 डिग्री तक पहुंच गया है। राजधानी क्षेत्र गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा में भी तापमान करीब 47 डिग्री सेल्सियस रहा है। राजस्थान के फलौदी में लगातार तीसरे दिन तापमान 49 डिग्री को पार कर गया। यह देश का सबसे ज्यादा गरम इलाका रहा। ये सामान्य तापमान नहीं हैं, क्योंकि एक हद के बाद गर्मी और लू के ये थपेड़े जानलेवा साबित हो सकते हैं। देश में एक तरफ चिलचिलाती गर्मी है, तो दूसरी ओर पश्चिमी तट पर 'रेलम तूफान' ने थपेड़े मारते हुए बहुत कुछ बर्बाद किया है। कई जानें भी गई हैं। तेज हवाएं चल रही हैं और खूब बारिश का आलम है। यह विरोधाभास एक ही देश के भीतर दिख रहा है। यही जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव है। दिल्ली ही नहीं, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई जैसे महानगरों में 'ताप प्रभाव और सूचकांक' स्पष्ट दिख रहा है। यह विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र की रपट का सारांश है। यहां पर कंकरीट या पक्का निर्माण बढने के साथ ही हरित क्षेत्र पहले की तुलना में कम हुए हैं। इसके कारण रात के समय भी तापमान में अपेक्षित गिरावट नहीं आ रही है। गर्मी का ऐसा प्रचंड प्रभाव है कि सडकों पर दौड़ रहे वाहनों के टायर पिघल रहे हैं। नतीजतन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस उबलती गर्मी के मानवीय दुष्प्रभाव भी हैं। प्रख्यात पत्रिका 'लैंसेट' ने अध्ययन किया है कि यह मौसम मधुमेह, हृदय रोग, रक्तचाप और किडनी के मरीजों के लिए बेहद गंभीर दुष्प्रभावों वाला है। चिकित्सकों का मानना है कि लोगों को काम से बाहर जाना उनकी विवशता है, लिहाजा प्रचंड गर्मी से लोग 'डिहाइड्रेशन' का शिकार हो रहे हैं। उससे किडनी की कार्यक्षमता सीधे ही प्रभावित होती है। उससे कई और बीमारियां बढ़ सकती हैं। हालात ऐसे होते जा रहे हैं कि दिल्ली सरकार के सभी 26 अस्पतालों में 2-3 बिस्तर आरक्षित किए जा रहे हैं। लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में 5 बिस्तर आरक्षित करने का फैसला लिया गया है। मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र का आकलन है कि तमतमाती गर्मी जून में भी भयावह होगी, क्योंकि इस बार गरम लू के दिन दोगुना होंगे। सबसे ज्यादा असर दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उप्र, गुजरात और मध्यप्रदेश आदि राज्यों में दिखेगा। उत्तर-पश्चिम राज्यों में जून में सामान्य रूप से गरम लू के 3 दिन होते हैं, लेकिन इस बार कमोबेश 6 दिन रहने की आशंका है। रात का तापमान भी 4-6 डिग्री अधिक रहेगा। गर्मी के साथ-साथ उमस भी बढ़ेगी। विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र की रपट के मुताबिक, शहरों में नमी ज्यादा होने और तापमान में बढ़ोतरी के चलते वहां का मौसम पहले से ज्यादा असहनीय होता जा रहा है। इस पर तुरंत प्रबंधन अनिवार्य है। हरित क्षेत्र में बढ़ोतरी, जलाशयों के निर्माण के साथ-साथ भवनों की संरचना में ऐसे बदलाव लाए जाने चाहिए, जिससे वे तापमान के ज्यादा अनुकूल हो सकें। ऐसे गरम मौसम में चिकित्सकों की सलाह है कि इस मौसम में कई वायरस और बैक्टीरिया सक्रिय हो जाते हैं। कई बार ऐसा होता है कि गर्मी में कुछ खाने के बाद उल्टी आने लगती है या फिर पेट में जलन होने लगती है। यह पाचन-तंत्र की गड़बड़ी का पहला संकेत है, लिहाजा गर्मियों में तरबूज और खरबूजे का पर्याप्त सेवन करना चाहिए। इन फलों में पानी होता है। ये शरीर को हाइड्रेटेड रखते हैं। ऐसे मौसम में नारियल का पानी, खीरा, दही, पुदीना, आम, लीची, आड़ू, संतरा, मौसमी, खुबानी, अनानास, अनार आदि भी फायदेमंद होते हैं। बहरहाल, हम प्रकृति की ताकत को भूल बैठे हैं, लिहाजा गर्मी-लू विस्फोट जैसे लग रहे हैं।

# मतदान की तरह मतगणना भी शांतिपूर्वक संपन्न करायें: उदयराज

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतगणना हेतु आवंटित कार्यों का निष्पक्ष तथा कुशल संचालन कर अपनी योग्यता एवं कार्य कुशलता का परिचय दें। यह निर्देश जिला पालन करते हुए मतदान शांतिपूर्ण रूप से संभव हुआ, मतगणना में भी आप इसी प्रकार प्रदर्शन को दोहराते हुए मतगणना भी संपन्न कराएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शंका का समाधान प्रशिक्षण तथा 34 टेबल में पोस्टल बैलेट की मतगणना की जायेगी। उन्होंने कहा कि जो एजेन्ट जिस विधानसभा व जिस टेबल के लिए तैनात किए जायेंगे वे उसी टेबल पर तैनात रहेंगे अनावश्यक इधर-उधर मशीनों को सुरक्षा बलों की सुरक्षा में व प्रत्याशियों , प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वेयरहाउस में सुरक्षित रखा जाये व सील किया जाए। प्रशिक्षण में सभी कार्मिकों को सैद्धांतिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण





निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने विकास भवन सभागार में मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक व माइक्रो ऑब्जर्वर की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम चरण मतगणना है जो अति महत्वपूर्ण है इसलिए मतगणना कार्मिकों को निष्पक्ष व पारदर्शिता से संपन्न कराना सुनिश्चित करें । उन्होंने सभी कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि जिस कर्मठता से अपने दायित्वों का सत्र के दौरान ही कर लें ताकि मतगणना दिवस पर किसी भी प्रकार की समस्या अथवा त्रुटि न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रात: 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गणना प्रारम्भ होंगी तथा उसके आधे घंटे के बाद ईवीएम मशीन की मतगणना प्रारंभ होगी, इसलिए सभी कार्मिक प्रात: 6:00 बजे अनिवार्य रूप से मतगणना स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक विधानसभा में 14-14 टेबलों पर मतगणना की जायेगी तथा 50 टेबल में ईटीपीबीएस की स्केनिंग होगी कतई नहीं जायेंगे।उन्होंने कहा ईटीपीबीएस की स्कैनिंग व पोस्टल मतगणना में विशेष ध्यान व सावधानी रखी जाए। उन्होंने कहा सीसीटीवी की नजर में मतगणना की जाए तथा प्रत्याशियों व उनके ऐजेन्टों को मतगणना मशीन (कंट्रोल युनिट) की सील, ऐडरस टैग, डिस्पले अवश्य दिखायें व मतगणना डाटा साझा करें ताकि मतगणना की पारदर्शिता बनी रहे। मतगणना उपरान्त निर्धारित प्रपत्रों को भरेंगे तथा मतगणना उपरांत ईवीएम दिया गया। कैरिंग केस व कंट्रोल युनिट की सील खोलने से पहले सभी टैग चैक करने व इसके आगे की प्रक्रिया ईवीएम से मतगणना तथा संबंधित जरूरी प्रपत्रों को भरने संबंधी प्रशिक्षण देने के साथ ही वीवीपैट मशीन से पर्चियों की गणना का प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण में वीसी प्राधिकरण अभिषेक रूहेला, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, नोडल प्रशिक्षण/नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, सहायक नोडल प्रशिक्षण/परियोजना निदेशक अजय सिंह आदि उपस्थित थे।

# चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों का होगा उपचार

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रदेश 727 चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों का हैं। विभाग अब इनकी डीपीआर बनाने में जुटे हैं। प्रदेश में कुल 2642 चिन्हित हैं, जिनको चिन्हित किया जा चुका है, लेकिन अभी तक उपचार का कोई काम



नहीं हुआ है। इनमें से 188 दुर्घटनास्थलों का कार्य प्रगति पर है। 52 पर काम शुरू होने वाला है। जबकि 473 स्थल ऐसे हैं, जिनकी डीपीआर विभाग तैयार कर रहे हैं। बचे हुए दुर्घटना स्थलों में गढ़वाल के मुकाबले कुमाऊं के स्थल ज्यादा हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निर्देश जल्द उपचार होगा। इसके लिए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने विभाग को जल्द से जल्द डीपीआर बनाने के निर्देश दिए दुर्घटना स्थल हैं।इनमें से 1915 स्थलों का उपचार पूरा किया जा चुका है। जबकि 727 संभावित दुर्घटना स्थल ऐसे दिए हैं कि जल्द से जल्द डीपी आर आगे बढ़ाई जाए, ताकि समय रहते इन दुर्घटना स्थलों को सुरक्षित किया जा सके।

## बाईक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नानकमत्ता। नल से पानी भरने के दौरान पीछे से टक्कर मारकर घायल करने पर मोटर साईकिल चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम नौगवा नाथ थाना खटीमा निवासी राकेष राना पत्नी कमलदीप सिंह ने थाने में दी तहरीर में कहा कि 28 मई को अपने घर के पीछे मेरी माता बन्धो देवी पत्नी रघुवीर सिंह पानी भर रही थी। आरोप है कि तभी बकषीष सिंह पुत्र कुलदीप सिंह निवासी कैथुलिया ने अपनी मोटर साईकिल यु0 के0 06 बी0 ई 5257 से तेज गति से लापरवाही से टक्कर मारकर गंभीर से घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मोटर साईकिल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# देश का प्रथम आम चुनाव

लंबी लड़ाई के बाद 15 अगस्त सन 1947 को भारत आजाद हुआ आजादी के बाद देश के प्रधानमंत्री बनने के लिए संघर्ष हुआ पर यह किसी से छिपा नहीं है सरदार पटेल उसे लड़ाई में आगे थे किन्हीं कारणों से पटेल जी को प्रधानमंत्री न बनाकर जवाहरलाल नेहरू को बनाया गया 26 जनवरी 1950 को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन के लंबे समय के बाद जब अपना संविधान बना तो भारत को लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया पश्चिमी विचारकों ने भारत के बारे में भविष्यवाणी की उन्होंने कहा कि क्या इस देश में लोकतंत्र चल भी पाएगा। क्या यह देश लोकतंत्र जैसे कांसेप्ट को सम्भाल भी पाएगा क्योंकि इस देश में इतना ज्यादा पॉलिटिक्स और सोशल डिविजन है वह भला लोकतंत्र जैसे कांसेप्ट को कैसे संभाल पाएगाƒ लेकिन आज भारत अपने इस लोकतंत्र की विकास गाथा के 75 वर्ष पूरे कर चुका है हमारा लोकतंत्र सुंदर तरीके से चल रहा है इस दौर में हमने कई प्रधानमंत्री देखें और कई चुनाव के दौर देखे और वर्तमान में भी चुनाव का दौर देख रहे हैं लेकिन क्या आप जानते हैं इस समय चुनाव कैसे हुआ और आयोग के समक्ष क्या-क्या चुनौती थी जहां लगभग 85% जनसंख्या अशिक्षित थी और चुनाव केबारे में जानती भी नहीं थी और इसके बारे में भी पता नहीं था कि मतदान कैसे किया जा जाता हैƒ जो पहली बार घर से निकाल कर मतदान केंद्र तक जाती थी इस दौरान चुनाव आयोग ने 28 लाख महिलाओं वोटो के नाम वोटिंग लिस्ट से काट दिए थे 25 जनवरी 1950 को चुनाव आयोग का गठन किया गया जिसमें प्रथम चुनाव आयुक्त श्री सुकुमार सेन को बनाया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को लगता था 1951 तक चुनाव हो जाएंगे। लेकिन सुकुमार सेन ने उन्हें कुछ समय तक इंतजार करने को कहा। उस समय चुनाव के लिए सबसे अधिक जिम्मेदारी यदि किसी के कंधों पर थी तो वह थे श्री सुकुमार सेन। चुनाव करना इतना आसान काम भी नहीं था। क्योंकि इतने बड़े देश में पहली बार चुनाव करना था इसी के साथ संसद और राज्यसभा के चुनाव भी होने थे 17 करोड़ 60 लाख मतदाता इसमें भाग लेने वाले थे इसमें 85% मतदाता अनपढ़ थे जो पढ़ नहीं पाते हैं चुनाव आयोग के समक्ष सबसे बड़ी समस्या यही थी कि जो मतदाता पद या लिख नहीं सकता है वह मतदान कैसे करेगा इसके लिए चुनाव आयोग ने एक तरीका निकाला ।उसने उस समय की सभी पार्टियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया ताकि अशिक्षित मतदाता भी चिन्ह को देखकर मतदान कर सकें। तभी से चुनाव आयोग राजनीतिक पार्टियों को एक चुनाव चिन्ह आमंत्रित करती है। उस दौर में कांग्रेस को दो जोड़ी बैल का चुनाव चिह्न दिया गया जनसंघ को दिए का चुनाव चिह्न दिया गया। बीआर अंबेडकर की पार्टी को हाथी का चुनाव चिह्न दिया गया। जब यह चुनाव चिन्ह दिए गए तब चुनाव आयोग ने इन चिन्नों को मत पेटियायों पर चश्मा करवा दिया जिसमें मतदाता मतदान करते समय कोई गलती ना करें। मतदान में गड़बड़ी रोकने के लिए स्याही का उपयोग किया गया। जो स्याही एक हफ्ते



तक नहीं मिटती थी ।जिससे पहचान होती थी कि किसने मतदान किया और किसने नहीं किया । खैर 4500 सीटों पर मतदान हुए जिसमें से 489 सीटें लोकसभा के लिए थी कुल मिलाकर 224000 मतदान केंद्र बनाए गये। 56000 पिठा सिंह अधिकारी लगाए गए ।और चुनाव आयोग ने रेडियो के माध्यम से लगातार चुनाव करने के लिए लोगों को जागरूक किया 3000 सिनेमाघर में एक डॉक्यूमेंट्री चलाई गई जो मतदाताओं को जागरूक और कैसे मतदान करना है यह बताती थी उत्तर भारत की महिलाएं अपना नाम पंजीकृत करने में हिजक रही थी और वह अपना नाम किसी की पत्नी के नाम पर या मां के रूप में दर्ज करना चाहती थी जिससे झल्लाकर चुनाव आयोग ने 28000 महिला वोटो के नाम मतदान सूची से हटा दिए इसके बाद चुनाव की तिथियां घोषित की गई 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 तक पहली लोकसभा के चुनाव कराए गए। पहली लोकसभा में 489 सीटों और 401 संसदीय क्षेत्र थे। चुनाव में कांग्रेस पार्टी जन संघ पार्टी ऑल इंडिया शेड्यूल पार्टी और इसके अलावा कई अन्य क्षेत्रीय पार्टियों मैदान में थी इसमें जवाहरलाल नेहरू ने 25000 मील की यात्रा प्रचार के लिए की। जिसमें 18000 मील हवाई जहाज से 5200 कार से 1600 मिल कार से 90 मिल की यात्रा नाव से तय की। प्रथम चुनाव को रसिया के द्वारा प्रभावित करने की कोशिश की ।रसिया ने नियमों के विपरीत जाकर वामपंथी पार्टियों को सहायता प्रदान की ।फरवरी के दूसरे सप्ताह में चुनाव को रोक दिया गया फिर मतों की गिनती शुरू हुई सबसे ज्यादा मतदान केरल में हुआ ।गिनती के बाद कांग्रेस को 489 में से 364 लोकसभा के लिए सीटें मिली। इस समय एक महत्वपूर्ण घटना घटी । बी आर अंबेडकर चुनाव हार गए ।जो मुंबई से लड़ रहे थे। जो कांग्रेस के एक दूध बेचने वाले से हार गए । मराठी समाचार पत्र में एक लेख प्रकाशित हुआ। जिसमें लिखा था कहां संविधान निर्माता और कहां एक दूध बेचने वाला । तो इस प्रकार प्रथम चुनाव हुए और आज का दौर आप सभी के समक्ष है।

**गौरी दत्त जुकरिया**
प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर,नानकमत्ता

# जयंती पर स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।उत्तराखण्ड/ उत्तरप्रदेश लोकतन्त्रसेनानी सँघ के तत्वाधान में देश के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जयंती श्रद्धा एवं अकीदत के साथ नगर की ओमैक्स कालोनी में मंगलवार को मनाई गई और वक्ताओं ने उनकी कुर्बानी के जज्बे को सलाम किया । कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने कहा कि आजादी के योद्धा वीर सावरकर की कुर्बानी की मिसाल 19वीं और बीसवीं शताब्दी के इतिहास का एक स्वर्णिम पन्ना है जिसे हमेशा याद रखना चाहिए। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा कि वीर सावरकर एक ऐसे मजबूत दरख्त के समान थे जो किसी भी आंधी तूफान के आगे नहीं झुकता। उनका संघर्ष युगों तक हमे संघर्ष की प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन उधमसिंहनगर के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट आर.पी.सिंह ने कहा कि वीर सावरकर एक लौहपुरुष थे उनके संघर्ष की कहानियां आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेंगी। एडवोकेट नागेश त्रिपाठी ने कहा कि वीर सावरकर भारतीय इरिहास की अनूठी धरोहर हैं। कार्यक्रम में डॉ दिलीप राडिया, अशोक भसीन, व्यापार मंडल सरपरस्त जगदीश छाबड़ा, डालचंद चहल,राकेश सक्सेना, मनीष चंद पांडेय, हरीश एलाबादी, प्रवेश साहनी ओमैक्स सोसायटी के महासचिव अभिनव छाबड़ा,नरेंद्र नरूला ,एडवोकेट संजय अरोड़ा, राजेश छिब्बर, एडवोकेट सुरेंद्र गिरधर, अशोक मिड्ढा,इन्द्रसेन खेड़ा, एस. एस.गर्ग, रमेश चन्द्र सक्सेना समेत तमाम लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्रगोस्वामी ने किया।

# महंगे इंजेक्शन चोरी में पुलिस ने सेंटर के कर्मियों से की पूछताछ

बागेश्वर( उद संवाददाता)। हंस फाउंडेशन के डायलसिस सेंटर में एक साथ दो सौ से अधिक महंगे इंजेक्शन चोरी होने की पहेली के सभी कोणों से पुलिस जांच में जुट गई है, पुलिस सेंटर में रखे फ्रिज के बन्द होने एक ही फ्रिज में नीचे रखे हुए इंजेक्शन के चोरी नही होने, जबकि चोरी का इरादे के पीछे खिड़की तोड़कर चोरी करने की पहेली की बारीकी से जांच में जुट गई है, पुलिस अब इंजेक्शन के स्टॉक पंजिका, और चोरी करने के पीछे क्या कारण हो सकता है, आखिर चोर इन इंजेक्शन की अहमियत और मूल्य की सूची के बारे में कैसे जानता था, साथ ही दवाइयों की जानकारी रखने वालों के द्वारा ही चोरी की घटना तो नही की जा सकती है इस दिशा में भी गहनता से जांच में जुटी हुई है, वही पुलिस के अनुसार तीन दिन से फ्रिज बंद किया जाना, उसमें नीचे रखी और दवाइयों का चोरी नही होने की भी बारीकी से सेंटर में तैनात कर्मियों और सेंटर में आने वाले रोगियों से पूछताछ की जा रही है।कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि चोरी करने की साजिश के पीछे की घटना की गहनता से जांच की जा रही है जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

# पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएंगे कैडेट

बागेश्वर(उद संवाददाता)।देश सेवा के कार्यो में अग्रणी भूमिका निभाने वाली भारतीय सेना के ही अभिन्न अंग बनने हेतु राष्ट्रीय कैडेट कोर के 81 एनसीसी बटालियन बागेश्वर की दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर जवाहर नवोदय विद्यालय सीमार में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण के दौरान सभी कैडेटों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, और देश सेवा के लिए समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया गया।वही समापन अवसर पर कैडेटों को पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया गया।एनसीसी के प्रभारी और सैन्य अधिकारी कर्नल रवींद्र सिंह भंडारी ने देश सेवा के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी कैडेटों को जागरूक करने की पहल की। कर्नल भंडारी के निर्देशन में सभी कैडेटों को देवकी लघु वाटिका



मंडलसेरा से वृक्ष पुरुष किशन सिंह मलड़ा के सौजन्य से 521 पौधे अमरूद,अर्जुन, च्युरा, लौकाड, जामुन, पत्रतूत,शीशम, मुगा रेशम, सिलिंग ,बांज,फल्याँट,मणिपुरी बांज,बोतल बुरुश, गुड़हल, मधुनाशिनी आदि विभिन्न प्रजाति के पौधे वितरित किए गए।वही कर्नल भंडारी ने सभी कैडेटों को पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कैडेटों को पुरुस्कृत करने, और उत्कृष्ट पर्यावरण मित्र का सम्मान देने की बात कही।वृक्ष पुरुष मलड़ा में कैडेटों को पौध भेंट करते हुए देश कहा कि सुरक्षा के साथ ही प्रकृति का संरक्षण मानवीय सामाजिक पर्यावरण को साफ स्वच्छ बनाने अपनी-अपनी भरपाई करने के लिए भेंट किये पौधों को अपने-अपने स्थानों पर रोपित कर उपयोगिता को समझते हुए संरक्षण की पूर्ण जिम्मेदारी के साथ यादगार बनाएंगे और देश सेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण कर लगाए गए पौधों को संरक्षित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कही वही उत्कृष्ट कैडिटों को कर्नल भंडारी द्वारा मैडल,प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर सूबेदार मेजर विक्रम श्रेष्टा, सूबेदार मनोज कुमार,लेफ्टनेंट मोहन सिंह धामी,देश दीपक सिंह, रमेश प्रकाश पर्वतीय,भजन सिंह,किशन राम, देवकी देवी, रमा देवी, मनीषा मलड़ा, सुभाष पांडेय,राम सिंह ने सहयोग दिया।

# गोरा पड़ाव में स्कूटी सवार लुटेरों ने वृद्धा से झपटी चैन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लालकुंआ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोरा पड़ाव में भतीजी संग खरीदारी कर घर वापस लौट रही 61 वर्षीय वृद्धा को स्कूटी सवार लुटेरों ने अपना शिकार बना लिया। लुटेरे वृद्धा के गले से सोने की चेन झपट कर फरार हो गए। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस लुटेरों की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम मोती नगर बरेली रोड़ निवासी दीपा देवी पत्नी सोबन राम परिवार के साथ रहती हैं। उसका बेटा टेंट कारोबारी है। बताया जाता है कि सोमवार शाम वह अपनी भतीजी के साथ घर से करीब तीन सौ मीटर दूर गोरापड़ाव बाजार में सब्जी खरीदने गई थीं। जब वह सामान खरीद कर घर वापस लौट रही थी कि तभी आदर्श नर्सरी के पास हेलमेट लगाए दो स्कूटी सवारों ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली और लालकुआं की ओर फरार हो गए। दीपा ने घर आकर अपने पुत्र को आप बीती बताई। जिसके बाद 112 हेल्प लाइन पर मामले की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही हल्द्वानी कोतवाली की पीसीआर मौके पर पहुंचे और उन्होंने परिजनों से घटना की विस्तार से जानकारी ली। जिसके बाद पता लगा कि घटना क्षेत्र लालकुआं कोतवाली है। कोतवाल उमेश मलिक का कहना है कि सूचना हल्द्वानी कोतवाली की पीसीआर मौके पर भेजी गई थी। घटना स्थल लालकुआं कोतवाली क्षेत्र का होने पर उन्हें सूचना दे दी गई थी। घटना की तहरीर लालकुआं कोतवली को दे दी गई है।

# कच्ची शराब सहित महिला गिरफ्तार

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। चौकी पुलिस कर्मियों ने गश्त के दौरान एक महिला नशा तस्कर को कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया।उप निरीक्षक जगदीश चंद्र



तिवारी साथी पुलिस कर्मियों हेड कांस्टेबल कुदन सिंह व पीआरडी रामरखी के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान जेल कैम्प क्षेत्र में एक महिला संदिग्ध रूप से घूमते दिखाई दी। पुलिस कर्मियों को देखकर जब उसने वहां से भागने की कोशिश की तो शक होने पर पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता ललिता राय पत्नी सुभाष राय निवासी जेल कैम्प नंबर 2 शक्तिफार्म बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से मौजूद कट्टे से कुल 40 पाउच अवैध कच्ची बरामद की गयी।

# सीडीओ ने अधिकारियों के साथ रीठागाड़ में सुनी समस्याएं

बागेश्वर। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी मंगलवार को रीठागाड़ क्षेत्र के खौलसीर और सीमावर्ती सैज गांव के दौरे पर रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने





दोनों गांव में विकासात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। नव निर्मित जीओ लाइन टैंक का निरीक्षण करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में इस प्रकार के पानी के टैंक बनने से अधिक मात्रा में पानी का संचय होगा। और ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिओ लाईन टैंक की खासियत यह है कि वह बहुत कम समय में बनकर तैयार हो जाता है और इसके निर्माण की लागत भी कम आती है। इस प्रकार के पानी के टैंक अन्य गांव में भी बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले में तापमान बढ़ने से दिन प्रति-दिन गर्मी बढ़ रही है। जिससे कतिपय प्राकृतिक स्रोतों में भी पानी कुछ कम हुआ है। प्राकृतिक स्रोतों के पुनरोद्धार की आवश्यकताओं पर बल देते हुए उन्होंने ग्रामीणों को बरसाती पानी के संग्रह करने पर भी जोर दिया। इससे पूर्व निरीक्षण के दौरान सीडीओ तिवारी ने खौलसीर व सैज गांव में महिला स्वयं सहायता समूहों की समस्याएं भी सुनीं। तथा उनकी वाजिब समस्याओं के निराकरण को लेकर आश्वस्त किया। सीडीओ ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को नकदी फसलों के उत्पादन और कीवी और मशरूम की खेती करने को लेकर भी प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, खंड विकास अधिकारी आलोक भंडारी, सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# कुलपति ने चारा शोध का लिया जायजा

पंतनगर। पंत विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने चारा ब्लाक, आईडीएफ का भ्रमण किया। चारे की विभिन्न फसलें नेपियर घास, रेमी घास, रोडे, गिनिया, ब्लूपेनिक, ब्रूम, पैरा, स्पीयर, अजोला तथा चारे के लिए विभिन्न पेड़ सूबबूल, दशरथ, बकाईन, सैलिक्स, प्रोसोपिस ज्योलिफ्लोरा, मोरिंगा आदि लगाये गये है। कुलपति ने बताया कि रेमी घास चारे के लिए ही नहीं बल्कि एक मजबूत रेशे के लिए भी अच्छी मानी जाती है। रेमी घास पर पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय में शोध राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल के सहयोग से प्रारम्भ किया गया। कुलपति ने कहा कि हमारे देश में 38 प्रतिशत चारे की कमी है। चारे वाली विभिन्न फसलों की उत्पादकता को बढ़ाये जाने की अत्यंत आवश्यकता है। विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डा. एएस नैन,अधिष्ठाता कृषि डा. एके कश्यप, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय डा. एसपी सिंह, अधिष्ठाता सामुदायिक महाविद्यालय डा. अल्का गोयल, निदेशक संचार डा. जेपी जायसवाल, संयुक्त निदेशक आईडीएफ डा. एसके सिंह, संयुक्त निदेशक शोध डा. अनिल यादव आदि रहे।

# भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर 17 जून से दून में

रूद्रपुर। वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु गढ़वाल एवं कुमाँऊ मंडल के सभी जनपदों के पूर्व सैनिकों, वीरनारियों के आश्रित पुत्रों को सेना अर्द्धसैनिक बलों एवं पुलिस बल में भर्ती हेतु भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गढ़वाल एवं कुमाँऊ मण्डल के जनपदों का एक साथ ही देहरादून के राज्य सैनिक विश्राम गृह 15-सी कालीदास मार्ग हाथीवडकलां देहरादून में आगामी 17 जून से आरम्भ किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए कर्नल चन्द्र बहादुर पुन (से.नि.) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर में अधिक अधिक से पूर्व सैनिको, वीरनारियों के आश्रित भर्ती पूर्व प्रशिक्षण में प्रतिभाग करें। प्रशिक्षण की अवधि 56 दिनों की होगी। प्रशिक्षण में रहने व खाने की व्यवस्था नि:शुल्क है।

# छुट्टियों में पुस्तकालय का लाभ उठाएं बच्चे: जोशी

गरुड़(उद संवाददाता)। सिविल सोसायटी के संरक्षक व उच्च न्यायालय के अधिवक्ता डीके जोशी ने क्षेत्र के बच्चों से ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में पुस्तकालय का लाभ उठाने की अपील की है। इस मौके पर पुस्तकालय में पढ़ रहे बच्चों को उन्होंने प्रोत्साहित किया। विदित रहे कि सिविल सोसायटी गरुड़ में विगत आठ सालों से सार्वजनिक पुस्तकालय को संचालित कर रही है। पुस्तकालय में विभिन्न



कक्षाओं की पुस्तकों के साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च कोटि के साहित्य, महापुरुषों की जीवनी व विज्ञान से संबंधित हजारों पुस्तकें उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में पुस्तकें नि:शुल्क पढ़ने को दी जाती हैं। इसके अलावा पुस्तकालय में वाई-फाई व इंटरनेट की सुविधा भी नि:शुल्क मुहैया कराई जाती है। अनेक शोधार्थी पुस्तकालय में आकर अध्ययन करते हैं। संरक्षक डीके जोशी ने कहा कि इन दिनों विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन छुट्टियां हो गई हैं। बच्चे समय का सदुपयोग पुस्तकालय में आकर कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों से पढ़ने की आदत को और अधिक विकसित करने को कहा है। पुस्तकालय अध्यक्ष चंद्रशेखर गड़बड़सीला ने कहा कि पुस्तकालय में पुस्तकों के अलावा विभिन्न प्रकार के समाचार पत्र व पत्रिकाएं भी उपलब्ध हैं। युवा वर्ग उसका लाभ ले सकता है।

# पेज एक का शेष...

**वनाग्नि 'लील गई' छब्बीस......**

पिघलने लगती है। उत्तराखंड अंतरिक्ष उपयोग केंद्र के पूर्व निदेशक एवं ग्लेशियर पर तकरीबन 34 साल तक रिसर्च करने वाले वरिष्ठ भूगर्भीय वैज्ञानिक डॉक्टर एमपीएस बिष्ट के अनुसार इस साल सूबे के 7 जिलों में तकरीबन 22 दिन जंगलों में आग लगी रही। जिससे लगभग 1450 हेक्टेयर जंगल साफ हो गए।आग का धुआं अब भी हवा में मौजूद है। इसका असर चमोली से ऋषि गंगा कैंट के दक्षिणी ढलान के ग्लेशियरों पर स्पष्ट दिख रहा है। उत्तराखंड अंतरिक्ष उपयोग केंद्र के अनुसार बीते 37 सालों में जंगल की आग और कार्बन के कणों के चलते हिमालय के बर्फ से ढके रहने वाले ग्लेशियर क्षेत्र 26 वर्ग किलोमीटर घट चुके हैं ,वही उत्तराखंड वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 20 सालों में 44554 हेक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ चुका है। स्पष्ट है की उत्तराखंड की विभिन्न सरकारों ने जंगल की आग और अन्य विभिन्न करणों से गर्म हो रहे वातावरण, के परिणाम स्वरूप पिघल रहे ग्लेशियरों बचाने के लिए कुछ खास नहीं किया। ज्ञात हो पिछले दो दशकों में कि तापमान में केवल एक डिग्री की मामूली बढ़ोतरी से ही हिमालय के ग्लेशियरों के साथ बर्फ के आवरण से ढके रहने वाले क्षेत्र में एक बड़ी कमी दर्ज की गई है।

**सीएम केजरीवाल को सुप्रीम.....**

कारण कई चिकित्सकीय जांच कराने के लिए उच्चतम न्यायालय से अंतरिम जमानत की अवधि सात दिन बढ़ाने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाश पीठ ने केजरीवाल की अंतरिम याचिका को स्वयं सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया था और मुख्यमंत्री की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा था कि याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए पिछले सप्ताह तब क्यों इसका उल्लेख नहीं किया गया, जब मुख्यमंत्री को अंतरिम जमानत देने वाली पीठ में शामिल न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता अवकाश पीठ में बैठे थे। मुख्यमंत्री को अंतरिम जमानत देने वाली पीठ की अध्यक्षता न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने की थी। पीठ ने कहा था, 'जब न्यायमूर्ति दत्ता पिछले सप्ताह अवकाश पीठ में बैठे थे, आपने तब इसका उल्लेख क्यों नहीं किया? माननीय सीजेआई को निर्णय लेने दें क्योंकि यह औचित्य का मुद्दा उठाता है... हम इसे सीजेआई को भेजेंगे।' इस पर सिंघवी ने कहा था कि चिकित्सकीय परामर्श परसों मिला था और इसलिए पिछले सप्ताह उस अवकाश पीठ के समक्ष इसका उल्लेख नहीं किया जा सका जिसमें न्यायमूर्ति दत्ता शामिल थे। उन्होंने कहा था, श्अगर इसे डिजिटल माध्यम से भी उस पीठ (न्यायमूर्ति खन्ना और न्यायमूर्ति दत्ता की) के समक्ष सूचीबद्ध किया जाता है तो भी मुझे कोई आपत्ति नहीं है।'

**मुठभेड़ में गैंगस्टर को......**

अलावलपुर से डेरा कराल जाने वाले मार्ग पर गौकशी की तैयारी चल रही है। जिस पर पथरी थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने टीम के साथ मिलकर घेराबंदी की। टीम ने बदमाशों को पुलिस के हवाले करने के लिए कहा, लेकिन बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई और उसे पुलिस ने घायल अवस्था में पकड़ लिया। मुठभेड़ की सूचना पर सीओ लक्सर निहारिका सेमवाल भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम 40 वर्षीरू मीर आजम निवासी बागोवाली थाना नई मंडी मुजफ्फरनगर यूपी बताया। पड़ताल करने पर सामने आया कि मीर आजम कुख्यात गौ तस्कर है और उसके खिलाफ नई मंडी थाना में गौकशी और गुंडा एक्ट व गैंगस्टर जैसे मुकदमे दर्ज हैं। यह भी पता चला कि वह गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहा है और लंढौरा क्षेत्र में किराए पर रहकर फरारी काट रहा है। वह पथरी क्षेत्र में गाय तस्करी और गौकशी का धंधा करने की तैयारी में था। पूछताछ में स्थानीय स्तर पर भी गौ तस्करों व उसके मददगारों के कई नाम सामने आए हैं। पुलिस उनके बारे में जानकारी जुटा रही है। जल्द ही कुछ और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

**दो नाबालिगों सहित चार......**

कर दिया। जिसमें एक पुलिस वाले का हेलमेट भी टूट गया था तथा एक पुलिस वाले के पैर में बहुत चोट लग गई थी। पुलिस ने सोनू कोली व दीपक कोली को गिरफ्तार कर नियमानुसार दोनों बाल अपचारियों को उनके जुर्म से अवगत कराते हुए संरक्षण में लिया गया। इधर पुलिस मामले में अन्य फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए जुटी हुई है।

**सीमेंट से लदा ट्रक.....**

को सड़क पर लाकर 108 वाहन की मदद से उपचार हेतु बेस चिकित्सालय अल्मोड़ा पहुंचाया। समय पर उपचार मिलने से घायल की जान बच पाई। ट्रक हल्द्वानी से बेरीनाग सीमेंट लेकर जा रहा था रेस्क्यू में आवागमन कर रहे ट्रक चालकों व पास के मकान में निवासरत लोगों ने भी सहयोग दिया। रेस्क्यू टीम में अपर उपनिरीक्षक जगदीश प्रसाद, अपर उपनिरीक्षक गोकुल प्रसाद, कांस्टेबल धनी राम, रिक्रूट कांस्टेबल अमित कुमार आदि शामिल थे।

**जबलपुर में पिता और भाई ......**

हुए कोतवाली सिविल लाइन जबलपुर में हत्या सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है। जबलपुर पुलिस की टीम किशोरी की गिरफ्तारी की सूचना पर हरिद्वार के लिए रवाना हो चुकी है।

# शहीद कमलजीत सिंह को दी श्रद्धांजलि

खटीमा(उद संवाददाता)। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में आतकंवादियों की मुठभेड़ में शहीद कमलजीत सिंह का 18वां शहीदी दिवस मनाया गया। इस वर्ष शहीदी दिवस पर श्री अखण्ड पाठ का आयोजन किया। पाठ के भोग के बाद कीर्तन, गुरु का अटूट लंगर लगाया। शहीद सैनिक कमलजीत सिंह सिख रेजीमेंट 2 के जवान थे। वर्ष 2005 में कमलजीत सिंह शहीद हुए थे। शहीद के पिता स्वर्ण सिंह, माता हरभजन कौर, ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी, भाई टिंका सिंह, साहब सिंह, सोनू सिंह, कुलतार सिंह नामधारी आदि समेत तमाम लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


गुरु माँ
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
आधार लाये
उधार ले जाइये
VOLTAS
DAIKIN
MITSUBISHI ELECTRIC
AMSTRAD
HITACHI
Carrier
SAMSUNG
BLUE STAR
IFB
Whirlpool
LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338